## कोतवाली पुलिस ने रेलवे स्टेशन से किया गिरफ्तार, देशी कट्टा व कारतूस बरामद

# लूट के मामले में फरार शातिर बदमाश राहुल बिहारी गिरफ्तार, अलग अलग थानों में दर्ज हैं 22 अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

थाना कोतवाली के बहुचर्चित लूट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी राहुल सिंह उर्फ बिहारी को पकड़ने में कोतवाली पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। पकड़ा गया आरोपी राहुल सिंह उर्फ राहुल बिहारी लंबे अरसे से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तकनीकी टीम की मदद से जानकारी संकलित की जा रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु चार अलग-अलग टीमों के द्वारा इंदौर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं बिहार में में जाकर दविश दी गई। जो आज दिनांक 14.09.2025 को तकनीकी साक्ष्यों की मदद से आरोपी को ट्रेस करने में सफलता प्राप्त हुई।



पूर्व में 12.06.2025 को थाना कोतवाली कटनी क्षेत्रांतर्गत सब्जी मंडी राधाबाई मार्केट में गोपाल गिफ्ट स्टोर दुकान में तीन अज्ञात लड़कों के द्वारा चाकू दिखाकर दुकान के संचालक सुरेश मोटवानी को राहुल बिहारी के साथ पूर्व में घटित हुए मामले में राजीनामा करने की धमकी देते हुए 10000 रू लूट की घटना घटित की गई थी। जिसकी रिपोर्ट थाना कोतवाली कटनी में अप.क्र. 518/25 धारा 232, 296, 351(3), 309(4), 61(2), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया था।

मामले में आरोपी तरूण जाटव उर्फ गांधी, अतुल उर्फ सुल्तान निषाद पिता महेश निषाद व एक अन्य विधि उल्लंघनकारी बालक को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया। उक्त मामले में आरोपी राहुल सिंह उर्फ राहुल बिहारी घटना दिनांक से ही फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी हेतु संभी संभावित स्थानों पर दविश दी जा रही थी। इसी दौरान रविवार को सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी राहुल सिंह उर्फ राहुल बिहारी कटनी रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म नं. 05 के तरफ देखा गया है जो कहीं बाहर भागने की फिराक में है। सूचना पर तत्काल मौके पर रवाना होकर तलाश करने पर एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर बैलट घाट के तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते में लगी झाड़ियों के पीछे छिपने का प्रयास करने लगा। जिसे हमराह स्टाफ की मदद से घेराबंदी करके पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति से उसका नाम व पता पूछने पर अपना नाम राहुल सिंह उर्फ राहुल बिहारी पिता रूपनारायण सिंह राजपूत 31 वर्ष नि. मानसरोवर कालोनी थाना माधवनगर का होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी अपनी कमर में एक देशी कट्टा खोंसे मिला जिसे कब्जे में लेकर सावधानीपूर्वक खोलकर चैक करने पर बैरल में लोडेड एक जिंदा कारतूस मिला। आरोपित के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है।

पकड़ा गया आरोपी राहुल बिहारी एक आदतन अपराधी है जिसके विरूद्ध जिला कटनी के अलग-अलग थानों में कुल 22 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध होना पाए गए है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व में थाना माधवनगर जिला कटनी से जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित की गई थी, जो प्रभावी है।

तकनीकी टीम के द्वारा आरोपी के संबंध में जानकारी एकत्रित करने पर ज्ञात हुआ है कि आरोपी विदेशी नंबर की सिम का इस्तेमाल कर रहा था। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के दौरान कटनी के कई लोगों के द्वारा उसे आर्थिक रूप से सहायता एवं संरक्षण देने वालों की जानकारी प्राप्त हुई है जिसकी सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।

### कार्यवाही में विशेष भूमिका

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में, सायबर सेल से आर. अजय साकेत, थाना प्रभारी कोतवाली अजय बहादुर सिंह, उनि. अरूणपाल सिंह, कुलदीप सिंह, प्र.आर. उमेश सिंह, आर. अभिषेक राय, राहुल तिवारी की अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### स्कूटी से शराब का अवैध परिवहन, 82 पाव जब्त

**कटनी।** स्कूटी में शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए एक व्यक्ति को रीठी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में की गई। रीठी थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। पुलिस के अनुसार रीठी बाईपास के पास पुलिस ने घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा, जो स्कूटी के माध्यम से अवैध शराब परिवहन कर रहा था। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक राम पाठक एवं अजय मेहरा अमन मौके पर पहुंचे। स्कूटी से अवैध शराब ले जा रहा व्यक्ति मिला। पुलिस ने स्कूटी को रोककर तलाशी ली, जिसमें 82 पाव अवैध शराब बरामद की गई। बरामद की गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग 8200 रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### पंचमुखी में भजन कीर्तन का हुआ आयोजन



**सिलौंडी।** सिलौंडी के पंचमुखी सेवा न्यास दरबार में भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें सिलौंडी के प्रसिद्ध गायकों ने अपने अपने सुंदर मन मोहक भजनों से भक्तों का मन मोह लिया। महेंद्र गाडरी , प्रभु दयाल मिश्रा ,संतोष गाडरी ,संत गाडरी ,रतिराम अहिरवार, श्रवण साहू , विनोद यादव सहित गायकों ने अपने मन मोहक भजनों से भक्तों का मन मोह लिया। इस दौरान सौरभ मिश्रा ,योगेश राय ,मनीष राय ,संदीप सेन ,सतू सेन , अजय राय,विजय तिवारी, विजय बर्मन आदि की उपस्थिति रही है।

### सामाजिक कार्यों में सक्रिय लोगों का किया सम्मान

**सिलौंडी।** सिलौंडी की जागरूकता समिती ने विगत दिवस सिलौंडी क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय , जनहित के कार्यों में सक्रिय पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय ,पर्यावरण संरक्षण में कार्य करने वाले सचिव कुंज बिहारी चमपुरिया ,शिक्षा क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे जनशिक्षक संतोष बर्मन का सम्मान किया। जागरूकता समिती पिछले आठ सालों से सामाजिक कार्यों में सक्रियता से कार्य कर रही है । इस दौरान सिलौंडी पंचायत पंच नितिन राय ,पंच पुनीत सेन,पंच श्यामदत्त राय , पंच रामफल काछी , जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधी रवि अवस्थी, जागरूकता समिति गोपी मिश्रा, भारत,ओमप्रकाश काछी, बालमुकुंद चोबे,सचिव दुर्गा श्रीवास धीरज जैन आदि रहे ।

### लापता किशोरी को पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र की एक 17 वर्षीय लड़की रहस्यमय तरीके से लापता हो गई थी जिसे पुलिस ने दस्तयाब कर लिया है। सहायक उपनिरीक्षक मीना धुर्वे ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के एक गांव की लड़की घर में बिना किसी को बताए 4 जुलाई को कहीं चली गई थी। नाबालिग के परिजनों द्वारा नात रिश्तेदारों सहित अन्य संभावित स्थानों पर उसकी पतासाजी की गई लेकिन जब लड़की का कहीं पता नहीं चला तो रिपोर्ट विजयराघवगढ़ थाने में की गई। एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा की टीम द्वारा नाबालिग की तलाश शुरू की गई और सुराग मिलते ही उसे सुरक्षित दस्तयाब करके थाने लाया गया। यहां नाबालिग लड़की के बयान दर्ज करने के साथ ही उसे परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया है।



## बाल सुरक्षा और लैंगिक समानता पर प्रशिक्षण सह जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिला एवं बाल विकास विभाग कटनी द्वारा हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन एवं मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल सुरक्षा एवं लैंगिक समानता पर जागरूकता हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा शासकीय आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सरसवाही में प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### महिला हेल्पलाइन 181 और वन स्टॉप सेंटर की दी जानकारी

प्रशिक्षण के प्रथम भाग में वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास कटनी द्वारा हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन अंतर्गत बालिकाओं को महिला हेल्प लाइन 181 एवं वन स्टॉप सेंटर के बारे में बताया गया। वन स्टॉप सेंटर चौबीस घंटे महिलाओं को आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सेवाएँ एक छत के नीचे उपलब्ध करवाता है। बालिकाओं से लैंगिक समानता, बालिका शिक्षा के महत्व एवं आत्मनिर्भरता पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में मनीष तिवारी, संरक्षण अधिकारी, कटनी द्वारा बालिकाओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 के बारे में बताया गया। उनके द्वारा गुड टच बैड टच को पहचानना एवं विपरीत परिस्तिथियों में स्वयं के बचाव पर चर्चा की गई।

बालिकाओं को टोल फ्री चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, कंबाइन्ड इमरजेंसी रिस्पांस नंबर 112, पॉक्सो ई बॉक्स, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। दुर्गेश मरैया, सदस्य, बाल कल्याण समिति, कटनी द्वारा बालिकाओं को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के बारे में बताया गया।

## पौधा भेंटकर दिया गया हरियाली व स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

अजितनाथ दिगंबर जैन, अतिशय क्षेत्र तेवरी मै सकल जैन समाज द्वारा इस वर्ष का पर्युषण महापर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। दस दिनों तक चले इस महापर्व में उपवास, स्वाध्याय और भक्ति के विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर पूरे समाज ने एक-दूसरे से क्षमा याचना करते हुए क्षमावाणी पर्व शनिवार को मनाया।



इस अवसर को यादगार बनाने के लिए समाज की ओर से पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल की गई। प्रत्येक परिवार को एक-एक पौधा भेंट किया गया, जिससे हरियाली और स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वृक्षारोपण भविष्य की पीढ़ियों के लिए अमूल्य योगदान है। समापन पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें लौकिक शिक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, दसलक्षण महापर्व के दौरान उपवास एवं व्रत करने वाले श्रद्धालुओं को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और तपस्वियों को समाज के सामने सम्मानित किया जाना प्रेरणादायक क्षण रहा। रात्रि में भव्य संगीतमय महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजनों की स्वर लहरियों से मंदिर परिसर देर रात तक गूंजता रहा और भक्तिमय वातावरण ने सबका मन मोह लिया।

इन सभी कार्यक्रमों में सकल दिगंबर जैन समाज, महिला मंडल, नवयुवक मंडल सहित नगर के गणमान्य नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही। वक्ताओं ने कहा कि क्षमा पर्व केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन में शांति, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है। वक्ताओं ने कहा कि विश्व में एकमात्र जैन धर्म ही ऐसा धर्म है जिसमें क्षमा मांगने को भी त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। साथ ही युवा पीढ़ी समाज का भविष्य है शिक्षा संस्कार और सेवा भाव के साथ आगे बढ़कर समाज और राष्ट्र का गौरव बढ़ाया।

## महिलाओं को दिया जा रहा कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण



विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत अमगवां में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कटनी द्वारा स्व-सहायता समूह की 33महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण संस्था के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं प्रशिक्षण समन्वयक सुनील रजक के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री डेरी प्लस योजना में मिल रही है 50 प्रतिशत सब्सिडी पर दो मुर्रा भैंसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पशुपालकों और आम नागरिकों के लिए स्व-रोज़गार का बड़ा अवसर उपलब्ध कराने एवं प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढाने के उद्देश्यग से राज्यो शासन द्वारा मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना क्रियान्वित की जा रही है। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को भारत में सर्वाधिक दूध उत्पादन वाली मुर्रा नस्ल की दो भैंसें प्रदान की जाती हैं, जो पशुपालकों में अत्यधिक लोकप्रिय नस्ल हैं।विशेषज्ञों के अनुसारदो मुर्रा भैंसों से रोज़ाना 18से 20 लीटर तक दूध मिल सकता है, जिससे प्रतिदिन अच्छी आय हो सकती है।खास बात यह है कि राज्यद शासन इन भैंसों की कुल लागत का सामान्य वर्ग के पशुपालक के लिए 50 प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पशुपालकों के लिए 75 प्रतिशत हिस्सा स्वयं वहन करती है। इससे आम नागरिकों को बहुत कम लागत में डेयरी व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिलता है।

उपसंचालक पशु पालन एवं डेयरी डॉ आर के सोनी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति सामान्य वर्ग से है, तो उसे पूर्ण रूप से भरे आवेदन के साथ 1लाख 47हजार 500रूपयेएवं अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के लाभार्थियों को 73हजार 700 रूपये बैंक ड्राफ्ट के द्वारा जमा करने होंगे। शेष राशि शासन द्वारा सब्सिडी के रूप में वहन की जाएगी।

आवेदन स्वीकृत होने के उपरान्त पशुपालक विभागीय प्रतिनिधि के साथ स्वयं हरियाणा पंजाब या उत्तर प्रदेश जाकर अपनी पसंद की भैंस का चयन कर क्रय करेंगे।भ्रमण हेतु योजना में राशि का प्रावधान है।

### योजना का लाभ

इस योजना की एक और बड़ी विशेषता यह है कि इसका लाभ केवल किसान ही नहीं,बल्कि कोई भी आम नागरिक जो की मध्य प्रदेश का नागरिक हो, 21 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग का हो योजना का लाभ उठा सकता है।आवेदन के लिए व्यक्ति को अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय जाना होगा, जहां योजना से

### जिला शिक्षाधिकारी ऑफिस में संयुक्त मोर्चा की बैठक का आयोजन

## शिक्षक संवर्ग की लंबित समस्याओं का जल्द से जल्द किया जाए समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जिले के शिक्षक संवर्ग की लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान हेतु शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल की पहल पर जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय कटनी में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षाधिकारी ने की। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी/ प्रतिनिधि, सहायक संचालक ,रमसा प्रभारी, लेखापाल एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक में शिक्षक संवर्ग की विभिन्न समस्याओं पर बिंदुवार विस्तृत चर्चा की गई जिसमें कृमोन्नत प्राप्त शिक्षकों का वेतन निर्धारण एवं कोष लेखा द्वारा सत्यापन न होने से वेतनमान का लाभ न मिलना, जबलपुर कोष लेखा संभाग की आपत्तियों का शीघ्र निराकरण, सत्यापित कृमोन्नत वेतन वाले शिक्षकों का एरियर्स भुगतान, कृमोन्नत सूची में तिथियों संबंधी त्रुटियों का सुधार, 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों के कृमोन्नत आदेश जारी करना, लंबित एरियर्स एवं अंतर राशि का त्वरित भुगतान, प्रयोगशाला शिक्षकों की अनुकम्पा नियुक्ति के परिवीक्षा पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी करना, अतिथि शिक्षकों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक मानदेय भुगतान, कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों को छात्रावास संबंधी कठिनाइयों का समाधान। बिंदुवार समस्याएं सुनने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ, राज्य शिक्षक संघ,शिक्षक संघ, आज़ाद अध्यापक संघ, शिक्षक कांग्रेस,पुरानी पेंशन बहाली संघ,आज़ाद शिक्षा परिषद, लघु वेतन कर्मचारी संघ,अतिथि शिक्षक संघ आदि के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विभिन्न संघो के प्रमुख पदाधिकारियों में मुख्य रूप से प्रशांत चमपुरिया,एस.के.सोलंकी, नवनीत चतुर्वेदी,जे.पी.हल्दकार, रमाशंकर तिवारी,संजय मिश्रा, सुशील तिवारी, मनीष दीक्षित, अखिलेश पांडेय, इलयास खान, शिवदास यादव, पूर्णश उइके,कंचन पांडेय,प्रवीण पांडेय मौजूद रहे।

### उर्वरक संवर्धनात्मक कार्यक्रम में किसानों को दी गई जानकारी

## कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने किसानों को बताए उपाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषक भारती कोआपरेटिव लिमिटेड जबलपुर द्वारा उर्वरक संवर्धनात्मक कार्यक्रम का आयोजन गत दिवस होटल अरिंदम कटनी में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. राजीव कुमार, उप महा प्रबंधक, कृभको, भोपाल, विशेष अतिथि डॉ आर एन पटेल, विशेष अतिथि डॉ संजय वैशंपायन, मुखिया, के बीके कटनी , डॉ आर पी बैन, वैज्ञानिक, केवीके कटनी, विशेष अतिथि मनीष मिश्रा, सहायक संचालक, कृषि विभाग कटनी, अमित तिवारी, जिला विपणन अधिकारी, मार्कफेड, कटनी, आनंद पांडेय, जिला विपणन अधिकारी, मार्कफेड, शहडोल, डी बी सिंह , सकारिता विकास प्रकोष्ठ,




कृभको भोपाल, अनूप मिश्रा, नोवानेसिस प्रतिनिधि, इंदौर एवं कटनी ज़िले के सभी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कृषि विभाग सहायक संचालक, कृषि विभाग कटनी समस्त भंडारण केंद्र प्रभारी मार्कफेड कटनी एवं जिला के थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता कटनी, सतना एवं पन्ना उपस्थित रहे ।

क्षेत्रीय प्रतिनिधि जबलपुर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कृभको का परिचय डॉ राजीव कुमार, उप महा प्रवन्धक, कृभको, भोपाल द्वारा कृभको उत्पादों की जानकारी दी गई, एवं कृभको द्वारा समय समय पर नवीन उत्पादों को विपणन के क्षेत्र में किसानों की खेती को लाभ का धंधा बनाने हेतु लाए जा रहे है जिसमें चालू वर्ष में कृभको राइजोसुपर ( जो एक फंगस है) आज के फसल पद्धति को देखते हुए क्यों जरूरत है इस पर प्रकाश डाला तथा साथ में कृभको कार्य प्रणाली वीडियो फिल्म के माध्य से दिखाया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ आर एन पटेल, उप संचालक, कृषि विभाग, कटनी द्वारा जैविक उर्वरकों फसलों में उपयोग के तरीके एवं कैसे जैव खाद, जैव जीवाणु का स्वयं निर्माण करे जिससे किसान भाई अपनी लागत कम करके अधिक उत्पादन ले सकते है तथा कटनी जिले में लगने वाली फसलों के लिए डी ए पी की जगह एन पी के उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी।

डॉ संजय वैशंपायन, मुखिया, के वी के , कटनी, द्वारा कृभको के नवीन उत्पाद, कृभको राइजोसुपर ( माइकोराइजा) एक एल सी ओ टेक्नोलॉजी से निर्मित कैसे दूसरे माइकोराइजा से अलग तथा ज्यादा प्रभावशील है तथा कैसे यह किसानों के लिए बहुत उपयोगी है इसपर संपूर्ण प्रकाश डाला एवं कृभको राइजोसुपर कार्यप्रणाली का वीडियो भी प्रदर्शित किया गया।

मनीष मिश्रा, सहायक संचालक, कृषि विभाग , कटनी द्वारा ज़िले में खाद संकट के समय कृभको प्रबंध का खाद उपलब्धता कराने हेतु कृभको की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार गौरव विश्नोई, कृभको, जबलपुर द्वारा किया गया । कार्यक्रम में 65 से अधिक कृषि विभाग, कटनी विक्रेता बंधु जिला कटनी , सतना एवं पन्ना तथा मार्कफेड, कटनी के



## नगदी सहित जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

थाना क्षेत्र में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर और मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया। बम्हनी में उपसरपंच मकरंद काछी के घर में चोरों ने सेंधमारी कर पेटी में रखे सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चोरी कर फरार हो गई। वहीं शुक्ल पिपरिया गांव में हनुमान मंदिर का ताला तोड़कर भगवान का छत्र व मुकुट चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने सुबह घटनास्थल देख पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू किया। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम मौके पर आकर जांच शुरू कर दिया। देरशाम स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का जायजा लिया। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है,तलाश जारी है। जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### वैष्णोदेवी यात्रा के लिए 23 सितंबर तक आवेदन

**कटनी।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत वैष्णोदेवी यात्रा के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह यात्रा 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। कटनी जिले के लिए इस यात्रा में कुल 279 बर्थ आवंटित किए गए हैं। यात्रा के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। वैष्णोंदेवी तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए नगरीय क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत (सभी) को यह जिम्मेदारी दी गई है। आवेदन पत्र विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरूष और 58 वर्ष से अधिक आयु की महिलाएँ आवेदन कर सकती हैं। आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ समग्र आईडी, वोटर आईडी या आधार कार्ड की प्रतिलिपि देना अनिवार्य है। 65 वर्ष से अधिक आयु के आवेदक अपने साथ एक सहायक ले जा सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### प्रतिभा योजना के तहत मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**कटनी।** राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने वाले अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों से जनजातीय कार्य विभाग ने प्रतिभा योजना के तहत वर्ष 2024-25 और 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऐसे छात्र जिन्होंने जेईई मेन या एडवांस, नीट, क्लैट जैसी परीक्षाओं में सफल होकर आईआईटी, एम्स, एनडीए जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश लिया है, वे इस योजना के लिए पात्र हैं। योजनांतर्गत जिन छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से कम है, उन्हें 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। जबकि जिन छात्रों के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख से 10 लाख रूपये के बीच है, उन्हें 25 हजार रूपये दिए जाएंगे। इच्छुक छात्र एमपीटास पोर्टल पर पंजीयन उपरांत लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 सितंबर है।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने इस बैठक में कृषि विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पीआईयू, सहकारिता महिला एवं बाल विकास, वन, खनिज, नर्मदा घाटी, उद्योग,प्रधानमंत्री सड़क ,सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों और समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की अद्यतन प्रगति की जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 9 और 11 के लिए प्रवेश परीक्षा के आवेदन शुरू

**कटनी।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं और कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि इच्छुक और योग्य छात्र इन कक्षाओं में 'लेटरल एंट्री' के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी।

### हर्रवाह ग्राम में कीचड़ से सनी रोड, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**बरही।** तहसील अंतर्गत ग्राम हर्रवाह में कई वर्षो से रोड खराब है बरसात के मौसम में कीचड़ से सन जाती है शंकर मंदिर से लेकर हनुमान मंदिर तक निकलना मुश्किल है स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है पंचायत के जिम्मेदार सरपंच सचिव का इस ओर ध्यान नहीं है की रोड की मरम्मत करवा दें।

---

जनसंवाद कार्यक्रम में स्लीमनाबाद पुलिस ने साइबर क्राइम से बचने दी जानकारी

# लालच में न आएं और न हो भयभीत धोखाधड़ी से बचने सजगता है जरूरी

## अनजान व्यक्ति को शेयर न करें निजी जानकारी, किसी भी लिंक पर नहीं करें क्लिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति सजग करने के लिए स्लीमनाबाद पुलिस द्वारा रविवार को स्लीमनाबाद तिराहा मै पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत लोगों को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए।

स्लीमनाबाद थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया, ताकि वे किसी भी साइबर क्राइम का शिकार न हो।उन्होंने साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें।किसी अनजान के साथ आधार नंबर, ईमेल आईडी, सत्यापन कोड व अन्य किसी भी तरह की निजी जानकारी साझा नहीं करें।

### ठगी से बचना है तो रहे सतर्क

थाना प्रभारी ने बताया कि इन दिनों मोबाइल पर अनेक प्रकार के मैसेज आते हैं, जिनको क्लिक करते ही आपका सारा डाटा साइबर अपराधियों के पास चला जाता है और आप ठगी का शिकार हो जाते हैं। इसके लिए उन्होंने कहा कि एसएमएस व वाट्सअप के माध्यम से आए किसी भी लिंक को क्लिक न करें।फोन, ईमेल, एसएमएस या वाट्सअप पर आए नौकरी, लाटरी जैसे विज्ञापनों पर विश्वास न करें।एटीएम से पैसे निकालते या जमा करते समय किसी भी अंजान व्यक्ति की सहायता न लें। अपने एटीएम पिन को समय समय पर बदलते रहें।फोन और एप को हमेशा नए वर्जन के साथ अपडेट रखें और सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर जरूरत से ज्यादा निजी जानकारियां शेयर न करें।

वन टाइम पासवर्ड का इस्तेमाल आपके बैंक खाते से रुपये चुराने के लिए किया जा सकता है,इसलिए उसे किसी अन्य से साझा करने से बचे।अगर किसी भी प्रकार का साइबर अपराध होता है,या फिर कोई ऑनलाइन ठगी का शिकार होता है तो इसकी शिकायत पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने साइबर अपराधों के साथ यातायात नियमों को लेकर भी जागरूक किया। यातायात के नियम जैसे हेलमेट धारण न करने , सीट बेल्ट न लगाने , नाबालिग बच्चो से वाहन न चलाने , बिना लायसेंस के वाहन न चलाने , शराब पीकर वाहन न चलाये दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बिठाये आदि नियम समझाये गये। साथ ही महिला सबंधी अपराध , गुड टच एवं बेड टच , डायल 112 की उपयोगिता आदि के सबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी एवं समझाइस दी गयी है। साथ ही महिला संबंधी अपराध, गुड़ टच -बैड टच को लेकर भी जागरूक किया। कहा कि कैसी ही परिस्थिति हो डरे नहीं, घबरायें नहीं पुलिस को अपना मित्र समझे ओर संपर्क करें।

इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र उरमलिया, मनीष पटेल सहित पुलिसकर्मियों व लोगों की उपस्थिति रही।

---



## महिलाओं ने रखा महालक्ष्मी व्रत, विधि विधान की गई पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

श्राद्ध पक्ष अष्टमी तिथि पर हाथी अष्टमी का पर्व यानि महालक्ष्मी व्रत तहसील क्षेत्र मे रविवार को आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओ द्वारा अखंड सौभाग्य, सुख समृद्धि व अपने परिवार को धन्य धान से परिपूर्ण करने की मनोकामना पूर्ति के लिए व्रत किया गया। मंगलवार को सर्वप्रथम सूर्योदय के समय स्नान आदि करके पूजा का संकल्प किया गया। संकल्प के बाद एक सफेद डोरे मे 16 गठान लगाकर उसे हल्दी से पीला किया गया और फिर उसे महिलाओ द्वारा अपनी कलाई पर बांधा गया। पूजन के वक़्त एक पटे पर रेशमी कपड़ा बिछाया गया और अष्टदल बनकर उस पर अक्षत डाले और जल से भरा कल और श्रीयंत्र, दशिणावर्ती शंख, स्थापित किया गया।वही हल्दी से कमल बनाकर उसपर हाथी पर बैठी माता लक्ष्मी की प्रतिमा विराजित की गई।

महिलाओं के द्वारा उत्तर दिशा की ओर मुख करके मां लक्ष्मी के आठ रूपों की आराधना की गई। मां लक्ष्मी को आभूषण पहनाएं। कमल के पुष्प, अक्षत, चंदन, लाल सूत, सुपारी, नारियल से मां लक्ष्मी की पूजा की गई।वही सफेद रंग की चीजों का भोग अर्पित किया गया। महालक्ष्मी व्रत की कथा पढ़ी गई और फिर गाय के शुद्ध घी के दीपक से मां लक्ष्मी की आरती की गई। इसके बाद व्रत का उद्यापन किया गया। महालक्ष्मी व्रत को लेकर घरो व मंदिरों में आयोजन हुए।

---

आम आदमी ने 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## जिले में बढ़ते अपराधों एवं शराब के अवैध कारोबार पर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में लगातार बढ़ते अपराध चोरी, हत्या, लूट एवं अवैध नशा कारोबार को लेकर आम आदमी पार्टी ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि कटनी जिला अपराधों की चपेट में है और पुलिस प्रशासन अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। अवैध नशे का कारोबार युवाओं को अपराध और अंधकार की ओर धकेल रहा है। इससे आमजन भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है।

### इन मांगों को लेकर ज्ञापन

जिले में विशेष पुलिस बल की नियुक्ति। अपराध रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन को कड़े निर्देश। अवैध नशा कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध। गश्त एवं निगरानी व्यवस्था को मज़बूत करना। प्रमुख बाज़ारों, चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर CCTV कैमरे लगाना।

जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर ने कहा कटनी आज अपराध और नशे के चंगुल में जकड़ी हुई है। यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो हालात बेकाबू हो जाएँगे। आम आदमी पार्टी जनता की सुरक्षा और अधिकारों की लड़ाई पूरी ताक़त से लड़ेगी। वहीं, लोकसभा अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह परमार ने चेतावनी दी "आम जनता का जीना दूभर हो चुका है। पुलिस और प्रशासन को तुरंत कड़े कदम उठाने चाहिए। यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई तो हम जनता को साथ लेकर बड़ा आंदोलन करेंगे। आम आदमी पार्टी ने प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर ठोस कार्रवाई की माँग की है।

इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर लोकसभा अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह परमार उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जैन, कुंवर सिंह रघुवंशी ,संतोष सिंह उमाशंकर पटेल ,आयुष ठाकुर, विनय पटेल, रामानुज मिश्रा ,हर्ष श्रीवास, श्याम,अभय, अमन, मुकेश, हरीश आदि उपस्थित रहे।

---

## विधि विधान से महालक्ष्मी पूजन कर सुख समृद्धि की कामना



अग्रसेन जयंती के अन्तर्गत द्वितीय दिवस अग्रवाल भवन धर्मशाला में अग्र कुल देवी माता महालक्ष्मी का पूजन अग्रवाल महिला मंडल की सदस्यों द्वारा किया गया। महिलाओं ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजन, हवन, आरती की गई। पंडित पुष्पेंद्र शास्त्री द्वारा पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस दौरान कथा सुनी। हवन आरती के बाद प्रसाद का वितरण से कार्यक्रम संपन्न हुआ। मिट्टी के बने ऐरावत हाथी की विशेष पूजा की। मातारानी से सुख-समृद्धि की कामना की। अग्रवाल भवन हीरागंज में विधि विधान से महालक्ष्मी जी की पूजा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं की उपस्थिति रही और महालक्ष्मी देवी का विधि-विधान से पूजन किया। इस मौके पर सुंदर आरती भी सजाई। हवन-पूजन के बाद आरती की गई।

---

19 सितंबर को समक्ष में उपस्थित होकर देना होगा जवाब

## ग्राम पंचायत खलवारा के सरपंच, तत्कालीन सचिव और उपयंत्री को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निर्माण एवं विकास कार्यों हेतु स्वीकृत राशि का उपयोग स्थानीय आवश्यकता के अनुसार, जनहित में, तकनीकी मापदंडों का पालन सुनिश्चित करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण किए जाने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा अनवरत रूप से दिए जा रहे हैं। इसके बावजूद गड़बड़ी करने वाली ग्राम पंचायतों और निर्माण एजेंसियों पर पैनी नजर रख सघन निगरानी की जा रही है।

### सीईओ के प्रतिवेदन पर नोटिस जारी

जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सीईओ के प्रतिवेदन के मुताबिक ग्राम पंचायत खलवारा की सरपंच श्रीमती चांदनी मिश्रा, तत्कालीन सचिव संतोष पटेल एवं उपयंत्री आर.बी.सिंह द्वारा वर्ष 2022-23 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण का कार्य अशोक पांडे के घर से मोतीलाल बागरी के घर तक कराये जाने हेतु 4,91,913 रुपए राशि 15 वें वित्त और मनरेगा कंजरवेंस से स्वीकृत की गई थी।

निर्माण एजेंसी द्वारा स्वीकृत कार्य प्राक्कलन के अनुसार नहीं कराया जाना और कम कराना जाना पाया गया। प्रतिवेदन के अनुसार बिना कार्य के मूल्यांकन के राशि का आहरण किए जाने एवं शिकायत की जांच के दौरान जांच दल को माप पुस्तिका भी उपलब्ध नहीं कराई गई।

### जवाब नहीं देने पर होगी एकपक्षीय कार्यवाही

संबंधित प्रकरण में विहित अधिकारी के आदेश पर रीडर शाखा के प्रभारी अधिकारी द्वारा सरपंच एवं तत्कालीन सचिव और उपयंत्री को नोटिस जारी का 19 सितंबर को 2 बजे समक्ष में उपस्थित होकर जवाब एवं दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने को कहा गया है। नोटिस में यह भी लेख किया गया है कि अनुपस्थिति की दशा में मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत एक पक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

---

व्यवसाय केवल पैसे कमाने का साधन नहीं बल्कि समाज से भरोसे मंद संबंध बनाने की कला

## कन्हवारा हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने भ्रमण में सीखी व्यापार की कला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़



कन्हवारा हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राएँ शैक्षिक भ्रमण पर विजयराघवगढ़ पहुँचे। यहाँ कन्हैया ट्रेडर्स के प्रोप्राइटर रामनरेश गुप्ता ने बच्चों को व्यापार की गहराइयों से रूबरू कराया और उन्हें यह समझाया कि व्यवसाय केवल पैसे कमाने का साधन नहीं बल्कि समाज के साथ भरोसेमंद संबंध बनाने की कला है। रामनरेश गुप्ता ने कहा छात्रों को स्नेह पूर्वक समझाते हुए कहा व्यापार की नींव ईमानदारी और गुणवत्ता पर टिकती है। यदि आप ग्राहक को बेहतरीन सामान देंगे और समय पर उसकी जरूरत को समझेंगे, तो वही ग्राहक आपकी पहचान बन जाएगा। व्यापार में केवल लाभ देखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि ग्राहकों के साथ विश्वास का रिश्ता बनाना आवश्यक है।

रामनरेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि बाज़ार में टिके रहने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला सामान रखना अनिवार्य है। साथ ही आज के समय में व्यापार में तकनीकी ज्ञान और अकाउंट्स की समझ भी बेहद जरूरी है। कंप्यूटर और डिजिटल माध्यमों से व्यापार को आसान और तेज़ बनाया जा सकता है।

श्रीगुप्ता ने कहा कि यदि युवाओं को भविष्य में नौकरी न मिले, तो उन्हें हताश होने की बजाय व्यवसाय की राह पकड़नी चाहिए। इसके लिए बिजनेस मैनेजमेंट, अकाउंट्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन, रिटेल मैनेजमेंट जैसे कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बना सकते हैं।आज की शिक्षा का मकसद केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि अपने पैरों पर खड़ा होना भी है। व्यवसाय आपको स्वतंत्रता और पहचान दोनों देता है, उन्होंने विद्यार्थियों से कहा।

छात्रो से उत्सुकता पूर्वक कहा आज हमें समझ आया कि व्यापार केवल सामान बेचना नहीं बल्कि ग्राहकों से संबंध बनाना भी उतना ही जरूरी है। रामनरेश जी ने हमें यह सिखाया कि यदि हम पढ़ाई के साथ व्यापार की जानकारी हासिल करें तो भविष्य में कभी बेरोजगार नहीं रहेंगे। इसी तरह कई विद्यार्थियों ने इस अवसर को प्रेरणादायक और जीवन में उपयोगी बताया। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि इस तरह के भ्रमण बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ते हैं। प्रधानाध्यापक ने आभार व्यक्त करते हुए कहा श्री गुप्ता की सराहना की।

---

नगर निगम कटनी प्रदेश की टॉप टेन सूची में शामिल

## ननि को 2.38 करोड़ रुपए से अधिक का मिला राजस्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नेशनल लोक अदालत के दौरान नागरिकों को बकाया करों के अधिभार में छूट प्रदान करने के मामले में नगर निगम कटनी प्रदेश की सूची में टॉप टेन अग्रणी नगर निगमों मे शामिल है। राजस्व संग्रह के मामले में नगर निगम कटनी द्वारा 1992 रसीद जारी की जाकर कुल 2 करोड़ 38 लाख 99 हजार 238 रुपए का राजस्व संग्रह कर आठवां स्थान हासिल किया है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे ने लोक अदालत के दौरान बकाया राजस्व निगम कोष में जमा कराने तथा प्रदेश स्तर पर टॉप टेन नगर निगमों में शामिल होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए वसूली कार्य में संलग्न समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की है तथा भविष्य में भी इसी जोश और जज्बे के साथ काम करने की अपेक्षा की है।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के सफल निर्देशन तथा समय समय पर आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में राजस्व अमले द्वारा पूर्व से समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जाकर यह उपलब्धि हासिल करने में सफलता प्राप्त हुई है।

राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने राजस्व संग्रह की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान संपत्ति कर की 1 हजार 333 रसीद जारी की जाकर 1 करोड़, 85 लाख, 34 हजार,129 रूपये का राजस्व निगम कोष में जमा कराया गया है। वहीं जलकर की 589 रसीद जारी की जाकर 53 लाख, 65 हजार, 139 रूपये का राजस्व संग्रह किया गया है। इस प्रकार लोक अदालत के दौरान कुल 1 हजार 922 रसीद के माध्यम से कुल 2 करोड़, 38 लाख, 99 हजार, 238 रुपए का राजस्व निगम कोष में जमा कराया गया है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने समस्त नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने अपना कीमती समय निकालकर बकाया कर जमा कर शहर विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। उन्होंने नागरिकों से भविष्य में भी शहर विकास हेतु इसी प्रकार से सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

---

### ट्रेन के ऊपर चढ़ा युवक स्टेशन के टॉवर में बैठा

**कटनी।** रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी ट्रेन के ऊपर चढ़ गया। इसके बाद वह स्टेशन के टावर पर जा बैठा, जिससे यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों में हडक़ंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाने से डायल 112 पर तैनात आरक्षक सतीश कुमार सिंह और पायलट संजय पटेल, रेलवे पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। कई घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी सुबह युवक का इस तरह से स्टेशन परिसर में प्रवेश करना और ट्रेन के ऊपर चढ़ जाना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। घटना के समय रेलवे पुलिस की पहले से कोई मौजूदगी नहीं थी, जिससे यह सवाल उठता है कि यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात व्यवस्था कितनी कारगर है। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

---


### नाम व जन्म तिथि सुधार

मैं शशि कुमार मौर्य पिता अमरेश मौर्य उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम सिहुडी, तहसील-स्लीमनाबाद, जिला-कटनी मध्यप्रदेश का स्थाई निवासी हूँ। यह कि मुझ शपथकर्ता के आधार कार्ड में त्रुटिवश पिता का नाम अमरेश मौर्य जन्मतिथि 20.03.2005 (बीस मार्च दो हजार पांच) लिखी है। यह कि मुझ शपथकर्ता के जन्म प्रमाण पत्र में एवं सभी शासकीय दस्तावेजों मे शशि कुमार मौर्य पिता अमरेश कुमार तथा जन्मतिथि 15.10.2005 (पंद्रह दस दो हजार पांच) लिखा है जो सही है। यह कि मुझ शपथकर्ता के जन्म प्रमाण पत्र मे शशि कुमार मौर्य पिता अमरेश कुमार तथा जन्मतिथि 15.10.2005 है जो कि सही है जिस संबंध मे मुझ शपथकर्ता के आधारकार्ड मे उक्त सुधार हेतु शपथपत्र की मांग की गईं है, जिस हेतु यह शपथपत्र आपके समक्ष पेश है।

**सही नाम - शशि कुमार मौर्य पिता अमरेश कुमार**
**जन्मतिथि - 15.10.2005**

### नाम व जन्म तिथि सुधार

मैं अमरेश मौर्य पिता स्व. इंद्रमणि मौर्य उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी ग्राम सिहुडी, तहसील-स्लीमनाबाद, जिला-कटनी मध्यप्रदेश का स्थाई निवासी हूँ। यह कि मुझ शपथकर्ता की पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम कुमारी प्राग्या मौर्या पिता अमरेश कुमार मौर्य अंग्रेजी में (**kumari pranja maurya**) तथा शपथकर्ता की पुत्री की जन्मतिथि 06.12.2006 (छः दिसंबर दो हजार छः) लिखा है। इसलिए मुझ शपथकर्ता की पुत्री के आधार कार्ड में उक्त सुधार करें। यह कि मुझ शपथकर्ता की पुत्री के आधार कार्ड में सही नाम प्रज्ञा मौर्य पिता अमरेश मौर्य तथा अंग्रेजी में (**pragya maurya**) तथा शपथकर्ता की पुत्री की जन्मतिथि 06.12. 2009 (छःदिसंबर दो हजार नौ) जिस संबंध में मुझ शपथकर्ता की पुत्री के आधार कार्ड में उक्त सुधार हेतु शपथ पत्र की मांग की गईं है, जिस हेतु यह शपथ पत्र आपके समक्ष पेश है।

**सही नाम - प्रज्ञा मौर्य पिता अमरेश मौर्य**
अंग्रेजी में (**pragya maurya**)
**जन्मतिथि - 06/12/2009**

**खबर संक्षेप**

## हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा हत्या करने वाले आरोपी को घटना कारित होने के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया है। मामले में दिनांक 27.08.2025 को फरियादी अनुज वर्मा पिता श्री सुखलाल वर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम बछरवारा थाना सलेहा द्वारा रिपोर्ट की गई कि आज दोपहर के समय मेरे पिताजी कछार हार में बकरी चरा रहे थे। उसी समय गाँव का अंकित द्विवेदी वहाँ आया और पुरानी बुराई पर से गाली-गलौज करने लगा। जब मेरे पिताजी ने गाली देने से मना किया तो अंकित ने मेरे पिताजी को कुल्हाड़ी एवं कुल्हाड़ी के बेंत से मारपीट कर घायल कर दिया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलेहा मे आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 283/25 धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2) बीएनएस 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)(अं) बैज ।बज का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले मे डॉक्टर द्वारा फरियादी के घायल पिता को इलाज हेतु जिला अस्पताल पन्ना से मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया था जो दौरान इलाज दिनांक 11.09.2025 को फरियादी के पिता की मृत्यु हो गई। मामले में घायल की मृत्यु होने पर पुलिस द्वारा आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध धारा 103(1) बीएनएसएस का इजाफा किया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा घटना को गंभीरता से लिया जाकर मामले के आरोपी को शीघ्र अतिशीघ्र गिरफ्तार किये जाने हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार गठित पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये गये। पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया जाकर पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से सहायता ली गई। जिसके फलस्वरूप आज दिनांक 13/09/25 को मामले के आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई। जो आरोपी द्वारा जुर्म कारित किया जाना स्वीकार किया गया है। मामले के आरोपी से पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जप्त की जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी –**

पुलिस टीम द्वारा मामले में आरोपी अंकित द्विवेदी पिता रामजी द्विवेदी उम्र 29 वर्ष निवासी बछरवारा थाना सलेहा को गिरफ्तार किया गया है।

**सराहनीय योगदान–**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उप निरी बलबीर सिह, थाना प्रभारी बृजपुर उप निरी महेन्द्र सिंह भदौरिया, सउनि सुशील तिर्की, पर्वत सिह, प्र. आर. सेवकलाल, आदित्य कुशवाहा, राजेश प्रजापति, विपिन पाण्डेय, तेजवती सिह, रियाज मोहम्मद, आर. गौरव सिह, मुकेश अहिरवार, जितेन्द्र सिह, जितेन्द्र गोयल, बबलू पटेल, महिला आर प्रेमू सिह एवं थाना बृजपुर से आर. रामनिरंजन कुशवाहा, अमर सिह, थाना धरमपुर से प्र.आर. अशोक कुमार, आर. अजीत यादव तथा चालक प्र. आर. अशोक चौरसिया का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा टीम को पुरुस्कृत करने की घोषणा की गई है।

### विदा करो अब पाहुनी- पुष्पा चिले

# हिन्दी लेखिका संघ ने हिन्दी दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




हिन्दी दिवस की पूर्व संध्या पर हिन्दी लेखिका संघ की काव्य गोष्ठी सम्पन्न हुई।यह कार्यक्रम आराधना राय के सौजन्य से आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अर्चना राय, विशिष्ट अतिथि लता गुरु एवं अध्यक्ष संस्था अध्यक्ष पुष्पा चिले रहीं। संचालन डॉ प्रेमलता नीलम ने किया।मां सरस्वती के पूजनोपरांत पद्मा तिवारी ने मां की वंदना प्रस्तुत की। पुष्पा चिले ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिन्दी हमारी मातृभाषा होकर भी अपने ही घर में बेचारी क्यों बनी है। राष्ट्र भाषा प्रचार समिति लगातार प्रयास कर रही है कि मातृभाषा राष्ट्र भाषा घोषित हो।आज हम सब यह संकल्प लें कि हस्ताक्षर हम हिन्दी में ही करें और परिवार में सबको हिन्दी की महत्ता बतायें। मुख्य अतिथि अर्चना राय ने कहा कि अपनी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए हिन्दी को गरिमा प्रदान करें। विशिष्ट अतिथि लता गुरु ने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता को छोड़कर अब हमें अपनी संस्कृति एवं मातृभाषा को महत्व देना चाहिए। डॉ प्रेमलता नीलम ने हिन्दी को मां के रूप में मानने की बात कही। सुरम्या के विषय में चर्चा हुई। आभार आराधना राय ने व्यक्त किया।दूसरे चरण में काव्यांजलि प्रस्तुत की गई। पुष्पा चिले ने कहा विदा करो अब पाहुनी, बहुत हुआ सत्कार। हिन्दी सांसों में बसे, देश का हो उद्धार। डॉ प्रेमलता नीलम ने पढ़ा कब तलक दूसरे की मां को कहोगे अपनी, मातृभाषा को ही नमन तुम्हें करना होगा। कुसुम खरे श्रुति ने कहा वन्दे मातरम् बोलिए, मातृभाषा को पूजिये। मधुलता पाराशर ने कहा नहीं सीमित रही अब मातृभाषा। संगीता पान्डे ने पढ़ा हिन्दी से उजियारा लायें, सारे जग में दीप जलायें। पद्मा तिवारी ने कहा बीता जिसमें बचपन, यौवन, यही मौन की भाषा है,गौरव है ये हिन्द देश का यही भविष्य की आशा है। वसुंधरा तिवारी ने पढ़ा गूंजी हिन्दी विश्व में, स्वप्न हुआ साकार, राष्ट्र भाषा के मंच से हिन्दी की जय जयकार। मनोरमा रतले ने कहा हम हिन्द के वासी, हिन्दी बोलने में क्यों शरमाते हैं। आराधना राय ने कहा हमारे रक्त में संवेदना है समृद्धि है,हम मोहताज नहीं किसी पांव पर खड़े होने के लिए। डॉ संगीता पाराशर ने पढ़ा हमारी हिन्दी है देखो बुलन्दी पर, हमें गर्व है हिन्दुस्तान पर। लता गुरु ने कहा हिन्दी भाषा सबसे प्यारी, है यह भाषा जग में न्यारी। अर्चना राय ने पढ़ा हिन्दी न्यारी है,सरल है,पर इसे बोलने में लोगों को गुरेज है।कब यह परायापन मातृभाषा से दूर होगा। बड़ी संख्या में बहनों की उपस्थिति रही।

# गांव को नशा मुक्त बनाने ग्रामीणों की बैठक बुलाई



**झलौन।** तेंदूखेड़ा जनपद के एक और ग्राम ससना कला में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। ग्राम को नशा मुक्त बनाने के लिए बैठक की गई जिसमें सभी ग्राम वासियों की सहमति से शराब बनाने एवं बेचने बालों पर 11000 एवं पी कर गली गलौज करने वालों पर 5000 का जुर्माना एवं जुआ एवं सट्टा खेलने एवं खिलाने वाले पर 5000 का जुर्माना लिया जाएगा एवं एक माह को गांव से बहिष्कृत किया जाएगा। इस कार्य को बजरंग दल ससना,भगवती मानव कल्याण संघ एवं जय सेवा संगठन के सहयोग से किया गया जिसमें गांव के सरपंच थम्मन सिंह सरपंच प्रतिनिधि सत्यम पटेल एवं गांव के सभी बुजुर्गों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# हथकरघा मिस पर्यूषण प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



अखिल भारत वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद प्रियकारिणी संभाग आदिनाथ शाखा दमोह से चेयर पर्सन श्रीमती दीप्ति जैन महिला स्वावलंबन द्वारा प्रांतीय प्रोजेक्ट जागृति से प्रगति की ओर के तहत आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के भारत स्वाभिमान की परिकल्पना को पूर्ण करने हेतु ₹हथकरघा मिस पर्यूषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य मात्र हतकरघा के वस्त्र का प्रसार प्रचार करना था। जिससे हतकरघा के वस्त्र निर्माण करने वाले महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो। जिसमें सभी प्रतियोगी अहिंसक हथकरघा के वस्त्र अपने अपने यूनिक स्टाइल में पहनकर आए। सभी को हथकरघा वस्त्र में शालीनता , फेस एक्सप्रेशन तथा सभ्यता पूर्वक कैटवॉक किया। प्रतियोगी ने नेलपेंट लिपिस्टिक वस्तुएं नहीं लगाई है। प्रतियोगी को अपना एवं अपने परिवार का परिचय मंच पर दिया। प्रतियोगी ने हतकरघा वस्त्र पर अपने-अपने बहुत ही सुंदर विचार रखें। प्रतियोगी को चमर के साथ नृत्य प्रस्तुति दी। मंच संचालन श्रीमती संगठन मंत्री नेहा बजाज एवं उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति जैन द्वारा किया गया। निर्णायक के रूप में श्रीमती शोभा इटोरिया जी एवं मेकअप आर्टिस्ट श्रीमती पावनी जैन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । प्रथम स्थान पर श्रीमती लवी जैन द्वितीय स्थान पर श्रीमती अमित जैन, तृतीय स्थान पर श्रीमती नीता जैन एवं श्रीमती नेहा सिंघई रही ।एवं सभी प्रतियोगियों को क्राउन, स्लैश एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में संरक्षिका श्रीमती साधना जैन, श्रीमती सुमन जैन, चेयरपर्सन श्रीमती संगीता जैन, अध्यक्ष श्रीमती मनीषा खजरी ,सचिव श्रीमती मनीष जैन कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रीति जैन एवं सभी बहनों ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

# सनकुईया स्कूल के बच्चों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



विकासखंड हटा के सनकुईया की शासकीय नवीन माध्यमिक शाला के छात्र-छात्राएं पढ़ाई में अब्बल होने के साथ-साथ खेल कूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं इसी श्रृंखला में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले में स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज नामदेव ने बताया कि दमोह में जिला स्तरीय एथलेटिक्स खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर जिले में स्थान बनाकर संभागीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। मनोज नामदेव ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला सनकुईया से लंबी कूद (बालक मिनी) यश रजक जिला में प्रथम लंबी कूद (बालिका मिनी) नंदिनी कुर्मी जिला में प्रथम 100 मी दौड़(बालिका मीनी) नंदिनी कुर्मी जिला में प्रथम, प्रियांशी रजक तृतीय वही 200 मीटर दौड़ (बालक मिनी) तेजराम यादव जिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं 200 मीटर दौड़( बालिका मिनी )साक्षी कर्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं विकासखंड हटा को गौरवान्वित किया। आपको बता दें कि बच्चों की खोज प्रधानाध्यापक मनोज नामदेव की प्रयासों से बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद में भी अपना जौहर दिखा रहे हैं मनोज ने बताया कि अब यह बच्ची संभागीय स्तर वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

# वर्णी जयंती पर शिक्षकों व प्रतिभावान छात्र छात्राओं का किया सम्मान



**दमोह।** महिला जैन मिलन नेमीनगर शाखा दमोह क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा वर्णी जयंती के उपलक्ष में नेमी नगर मंदिर में शिक्षकों का सम्मान और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिन्होंने 90% से ज्यादा अंक प्राप्त किया है और 10वीं और 12वीं के बच्चों का सम्मान किया गया। पाठशाला के शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हमारे दमोह के जाने-माने डॉक्टर पंडित भागचंद जी भागेंदु को आमंत्रित किया गया जिन्होंने हम सभी को वर्णी जी के बारे में बहुत सारी अच्छी-अच्छी बातें बताई । मुख्य अतिथि के रूप में हमारी क्षेत्रीय मंत्री अति वीरांगना कविता ऋषभ जैन मौजूद रही और क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश भैया मौजूद रहे। और क्षेत्रीय मुख्य संयोजक सुधीर जैन डब्लू भैया भी मौजूद रहे। हमारी शाखा की प्रभारी वीरांगना रश्मि बीएसएनल ,और शाखा की अध्यक्ष वीरांगना सीमा बाबा जैन, शाखा की मंत्री वीरांगना डॉली जैन, शाखा की कोषाध्यक्ष वीरांगना दिशा जैन, वीरांगना अनीता जैन, वीरांगना राखी जैन, वीरांगना बृजेश जैन, बिरंगाना डोली कांच मंदिर जैन ,वीरांगना सुधा जैन, वीरांगना ज्योति जैन, वीरांगना सविता जैन, वीरांगना शिल्पी जैन, वीरांगना संगीता जैन, इन सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

# बाल विवाह के विरुद्ध धर्मगुरु शपथ ले रहे




**हिण्डोरिया।** जिले में संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह द्वारा ए एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत 12 से 14 सितंबर 2025 तक बाल विवाह के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर धर्म गुरुओं के द्वारा एक ओर जहां बाल विवाह मुक्त दमोह जिला बनाने का संकल्प लिया जा रहा है । वहीं दूसरी ओर इन धर्म गुरूओं के द्वारा सामुहिक शपथ लेकर अपने वर्ग एवं समाज को बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने जागरूक किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में संस्था के जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे, कार्यकर्ता सुजात खान ने बताया कि इस अभियान के तहत दमोह जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जटा शंकर धाम, हिण्डोरिया की जामा मस्जिद, नूरी फरीदी मस्जिद, प्रसिद्ध जागेश्वर धाम बांदकपुर, खड़ेरा मंदिर आदि में धर्मगुरुओं एवं समाज के साथ बाल विवाह के विरुद्ध इसे रोकने सामूहिक शपथ दिलाई गई । एवं आमजन को बेहतर व्यक्ति, समाज एवं देश निर्माण मे सहयोग देने समझाया गया। इस अभियान में पं. जागेश्वर तिवारी, खुशबू तिवारी,मनोज रजक, प्रहलाद रैकवार, प्रताप लोधी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन

### 2 करोड़ 58 लाख से अधिक की अवार्ड राशि पारित

**पन्ना।** राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शनिवार को जिला न्यायालय सहित पवई एवं अजयगढ़ न्यायालय में संपन्न हुई सफल लोक अदालत में आपसी राजीनामा के माध्यम से लंबित विभिन्न प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजाराम भारतीय ने जिला न्यायालय में मां वीणावादिनी एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश ने लोक अदालत में राजीनामा योग्य अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण तथा पक्षकारों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से मुक्ति के प्रयास का आह्वान किया। नेशनल लोक अदालत के लिए कुल 12 खंडपीठ का गठन किया गया था।

प्राधिकरण के सचिव राजकुमार गौड़ ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कुल 1642 व्यक्ति लाभांवित हुए। कुल 730 प्रकरणों के निराकरण के साथ ही 2 करोड़ 58 लाख 16 हजार 844 रूपए की अवार्ड राशि पारित की गई। प्रीलिटिगेशन के 409 प्रकरणों में 47 लाख 51 हजार 16 रूपए एवं 321 लंबित प्रकरणों का निराकरण कर 2 करोड़ 10 लाख 65 हजार 828 रूपए समझौता राशि का अवार्ड पारित किया गया। नेशनल लोक अदालत के शुभारंभ कार्यक्रम में नोडल अधिकारी एवं विशेष न्यायाधीश जयशंकर श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश रूपेश शर्मा, जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम एवं अरविन्द शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रितिका पाठक मिश्रा, जेएमएफसी बिन्दु पटेल, इकरा मिन्हाज, भूपेन्द्र सिंह, श्वेता आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, लीगल एड डिफेंस काउंसिल चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह एवं पवन कुमार पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, अधिवक्ता एवं प्राधिकरण के कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

### समझाईश पर पति-पत्नी साथ रहने हुए राजी

नेशनल लोक अदालत में 11 वर्ष पूर्व विवाहित एवं वर्तमान में अलग रह रहे एक दंपत्ति समझाईश के बाद एक साथ रहने के लिए राजी हुए। लोक अदालत में तीन बच्चों के माता-पिता ने एक दूसरे को माला पहनाई और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए सुखमय दाम्पत्य जीवन बिताने का निर्णय लिया।

# पांडवों की माता कुंती ने भगवान से विपत्तियां मांगी थी -पं रवि शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

स्थानीय जटाशंकर मंदिर में पितरों के निमित्त चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस में कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने कहा कि जैसा मैंने आपको पूर्व में भी बताया है कि पांडवों की माता कुंती ने भगवान से विपत्तियां मांगी थी माता कुंती ने भगवान से कहा कि जब-जब हमारे ऊपर विपत्तियां आई तब तब आप सहायक हुए हैं। श्री शास्त्री ने बताया कि माता कुंती का संपूर्ण जीवन त्यागमय रहा है अहिल्या मन्दोदरी तारा कुन्ती और द्रौपदी ये पाँचों देवियाँ नित्य कन्याएँ कही गयी हैं। इनका नित्य स्मरण करनेसे मनुष्य पापमुक्त हो जाता है महारानी कुन्ती वसुदेवजीकी बहन और भगवान् श्रीकृष्णकी बुआ थीं जन्मसे लोग इन्हें पृथाके नामसे पुकारते थे ये महाराज कुन्तीभोजको गोद दे दी गयी थीं तथा वहीं इनका लालन पालन हुआ। अतः कुन्तीके नामसे विख्यात हुईं ये बाल्यकालसे ही अतिथिसेवी तथा साधु महात्माओंमें अत्यन्त आस्था रखनेवाली थीं एक बार महर्षि दुर्वासा महाराज कुन्तीभोजके यहाँ आये और बरसातके चार महीनों तक वहीं ठहर गये उनकी सेवाका कार्य कुन्तीने सँभाला महर्षि कुन्तीकी अनन्य निष्ठा और सेवासे परम प्रसन्न हुए और जाते समय कुन्तीको देवताओंके आवाहनका मन्त्र दे गये उन्होंने कहा कि संतान कामना से तुम जिस देवताका आवाहन करोगी वह अपने दिव्य तेजसे तुम्हारे समक्ष उपस्थित हो जायगा और उससे तुम्हारा कन्याभाव भी नष्ट नहीं होगा दुर्वासा के चले जाने के बाद इन्होंने कुतूहलवश भगवान् सूर्यका आवाहन किया फलस्वरूप सूर्यदेवके द्वारा कर्णकी उत्पत्ति हुई लोकापवाद के भय के कारण इन्होंने नवजात कर्ण को पेटिका में बन्द करके नदी में डाल दिया वह पेटिका नदी में स्नान करते समय अधिरथ नाम के सारथि को मिली उसने कर्ण का लालन-पालन किया कुन्ती का विवाह महाराज पाण्डुसे हुआ था एक बार महाराज पाण्डुके द्वारा मृगरूपधारी किन्दम मुनि की हिंसा हो गयी मुनि ने मरते समय उन्हें शाप दे दिया इस घटनाके बाद महाराज पाण्डुने सब कुछ त्यागकर वन में रहने का निश्चय किया महारानी कुन्ती भी पति सेवाके लिये वन में चली गयीं पति के आदेशसे कुन्ती ने धर्म पवन और इन्द्र का आवाहन किया जिससे युधिष्ठिर भीम और अर्जुन की उत्पत्ति हुई माद्री को भी इन्होंने अश्विनीकुमारों के आवाहन का मन्त्र बतलाकर उन्हें नकुल और सहदेव की माता बनने का सौभाग्य प्रदान किया महाराज पाण्डुके शरीरान्त होने के बाद कुन्ती ने बालको का पालन पोषण किया जब दुर्योधन ने पाँचों पाण्डवों को लाक्षागृह में भस्म कराने का कुचक्र रचा तब माता कुन्ती भी उनके साथ थीं पाण्डवों पर यह अत्यन्त विपत्ति का काल था माता कुन्ती सब प्रकारसे उनकी रक्षा करती थीं दयावती तो वे इतनी थीं कि अपने शरण देने वाले परिवार की रक्षाके लिये उन्होंने अपने प्रिय पुत्र भीमको राक्षस का भोजन लेकर भेज दिया और भीमने राक्षसको यमलोक भेजकर पुरवासियों को सुखी कर दिया पाण्डवों का वनवासकाल बीत जाने के बाद जब दुर्योधन ने उन्हें सूई के अग्रभागके बराबर भी भूमि देना स्वीकार नहीं किया तो माता कुन्ती ने भगवान् श्रीकृष्ण के द्वारा अपने पुत्रों को आदेश दिया क्षत्राणी जिस समय के लिये अपने पुत्रोंको जन्म देती है वह समय अब आ गया है पाण्डवों को युद्ध के द्वारा अपना अधिकार प्राप्त करना चाहिये पाण्डवों की विजय हुई किंतु वीरमाता कुन्तीने राज्यभोग में सम्मिलित न होकर धृतराष्ट्र और गान्धारी के साथ वन में तपस्वी जीवन बिताना स्वीकार किया कुन्ती के वन जाते समय भीमसेन ने कहा कि यदि आपको अन्तमें जाकर वनमें तपस्या ही करनी थी तो आपने हम लोगों को युद्धके लिये प्रेरित करके इतना बड़ा युद्ध क्यों करवाया।

# विद्यार्थियों को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह




शासकीय हाई स्कूल बरधारी में उमंग दिवस के कार्यक्रम प्रारंभ में मां सरस्वती के पूजन वंदन से किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि आशा सुपरवाइजर श्रीमती ममता पटेल के द्वारा विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी विस्तार पूर्वक दी गई, और सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कक्षा नवमी एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत उमंग के पोस्टर तैयार किए, साथ ही छात्राओं के द्वारा रंगोली तैयार की गई। इसके बाद विद्यार्थियों के द्वारा रोल प्ले प्रस्तुत किए गए। खेल गतिविधियों में खुल जा सिम सिम और प्रश्न मंच का आयोजन किया गया।गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य के द्वारा सभी विद्यार्थियों को पोषण और आहार संबंधी जानकारी दी गई। अंत में विद्यार्थियों और अतिथियों के लिए स्वल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम का संचालन हेल्थ एंड वेल्थ एम्बेसडर डालचंद असाटी और श्रीमती रिचा सोनी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य बीआर अहिरवार,शिक्षक आरके दुबे, सुरेश कुमार मुड़ा, दशरथ पटेल, राजेश अहिरवार ग्राम बरधारी से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती दीपिका पांडे और श्रीमती हेमलता अहिरवार के साथ सभी छात्राओं की उपस्थिति रही।

# युवक कांग्रेस ने फूंका पाकिस्तान का पुतला, भारत पाक मैच का विरोध



**पथरिया।** युवक कॉग्रेस ने एशिया कप में भारत पाक मैच का विरोध जताते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका, और दोगले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विगत दिनों पहलगाम में हुए 26 भारतीयों की पाकिस्तान समर्थक आतंकियों ने कर दी हत्या कर दी थी जिससे हमारे देश की 26 मां बहनों के सिंदूर उजड़ गए थे इस घिनौने कांड में किसी ने अपने पुत्र को खोया था किसी ने अपने पति को अपने आंखों के सामने यमदूत के साथ जजाते देखा, इस घटना से पूरे देश में आक्रोश था देश आक्रोशित था जब हमारे देश के प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को दिए जा रहे सिंधु नदी के पानी को बंद करने की चेतावनी के साथ कहा था कि हमारे देश का पानी और खून एक साथ नहीं बहेगा लेकिन दुर्भाग्य है केंद्र सरकार ने अभी होने वाले क्रिकेट मैच में भारतीय खिलाड़ियों को पाकिस्तान के खिलाड़ियों से मैच खेलने की अनुमति दी है। यह निर्णय हिंदुस्तान की जनता की जन भावनाओं के खिलाफ है इसी मुद्दे को लेकर पथरिया विधानसभा के युवक कांग्रेस अध्यक्ष अजय ठाकुर बांसा एवं अजय सिंह को बोतराई एवं किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रत्नेश सोनी, पिछड़ावर्ग अध्यक्ष पूरन पटेल के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर नगर पालिका पथरिया के पार्षद सोमनाथ पटेल, पीर अली, शुभम चौबे, प्रभु दयाल अहिरवार, हेमराज लाडिया, गोलू ठाकुर बोतराई, अर्पित शुक्ला, हरेंद्र एडवोकेट सासा, पिंकी दुबे सरपंच विक्की ठाकुर केंन्द्रहो सौरभ दीक्षित निलेश चौबे निमेष सिंह ठाकुर मोलू राजा मोहित सिंह ठाकुर छोटू शर्मा बादशाह अजय पटेल बांसा की उपस्थिति रही।

## पटेरा की बिटिया नम्रता जैन बनी डिप्टी कलेक्टर



**दमोह।** पटेरा नगर के प्रमोद जैन (गुड्डू चौधरी) की पुत्री नम्रता जैन का चयन मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित MPPSC 2024 में डिप्टी कलेक्टर पद पर हुआ है। नम्रता वर्तमान में शिक्षा विभाग में सहायक संचालक के पद पर पवई पन्ना में कार्यरत हैं। पटेरा की बेटी नम्रता का चैन डिप्टी कलेक्टर पद पर होने पर पटेरा वासियो में हर्ष व्याप्त है। नम्रता की सफलता पर हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें सभी ने दी है।

### मार्गों को मवेशी मुक्त बनाने अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान, उधर गौशालाएं पड़ी सूनी

# सड़कों पर बैठे मवेशी बन रहे हादसों की वजह



हरिभूमि न्यूज ⏩ तेंदूखेडा

**तेंदूखेड़ा।** आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी से लोग त्रस्त हैं। गांव व शहर की सड़कें हों या फिर नगर से लगा हुआ हाइवे आवारा मवेशियों का डेरा हर जगह है। ऐसे में राहगीरों के लिए सड़कें लगातार असुरक्षित बनी हुई हैं। आवारा मवेशियों की वजह से प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रहीं हैं। इसमें न सिर्फ लोग घायल हो रहे हैं बल्कि मौत के शिकार भी हो रहे हैं साथ ही आवारा मवेशी भी हादसे का शिकार हो रहे हैं और अपनी जान गंवा रहे हैं नगर की लगभग हर सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा स्टेट हाईवे 15 जबलपुर, दमोह रोड पर मवेशी देखे जा रहे हैं। साथ ही दमोह-तारादेही मार्ग पर इन मवेशियों का झुंड बैठा हुआ नजर आ रहा हैं। वहीं रात के समय या अचानक वाहनों के सामने मवेशी आ जाने से हादसे होते रहते हैं तो वहीं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी शासन-प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्टेट हाइवे पर जगह-जगह दर्जनों मवेशी कब्जा जमाए बैठे व खड़े रहते हैं जिसके कारण वाहन चालकों को वाहन निकालने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही रिमझिम बारिश की वजह से ये मवेशी नजर नहीं आने से दुर्घटनाएं हो रही हैं। नगर से गुजरे अधिकतर सभी मार्गों पर शाम ढलते ही मवेशियों का जमावड़ा शुरू हो जाता है और ये मवेशी सुबह तक मार्ग पर ही जमे रहते हैं। इसके अलावा दिन के समय भी सड़कों पर घूमते नजर आते हैं। हादसे में मवेशियों की असमय मौत हो रही है तो वाहन चालक भी अपनी जान गवां रहे हैं कई बड़े हादसे भी हो चुके हैं

### क्षेत्र की गौशालाएं बनीं शोपीस

मार्गों पर बैठने व विचरण करने वाले आवारा मवेशियों की देखरेख एवं सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा तेंदूखेड़ा ब्लॉक की कुछ ग्राम पंचायतों में सरकारी गौशालाएं बनवाई गई हैं लेकिन इन गौशालाओं में निर्माण में संबंधितों द्वारा गड़बड़ी कर दी गई और सरकारी राशि का आहरण कर बंदरबांट कर लिया गया। जिससे कहीं अधूरी तो कहीं बनने के बाद भी शोपीस बनकर रह गई हैं। नतीजा गौवंश को गौशालाओं में भेजने की योजना सिर्फ कागजों तक सिमट कर रह गई है। सागर, जबलपुर और दमोह इन तीनों हाईवे पर प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। नगर की सड़कों से लोगों की आवाजाही होती है। इन वाहनों के लिए मवेशी मुसीबत बन गए है। नागरिकों द्वारा मुख्य बाजारों एवं चौराहों पर विचरण करने वाले पशुओं को हटाए जाने की शिकायतें स्थानीय प्रशासन से लगातार करते आ रहे हैं पर प्रशासन द्वारा मवेशियों को गौशाला भिजवाने या अन्य किसी स्थान पर व्यवस्थित करने के प्रति सजगता नहीं दिखाई है ये मवेशी जाम की वजह भी बन रहे हैं जो चिंता का विषय हैं।

### इन मार्गों पर रहता है मवेशियों का झुंड

नगर मुख्यालय से लगे ग्रामीण क्षेत्रों जो हाईवे पर स्थित है, वहां पर दिन-रात मवेशियों का झुंड नजर आता है जबलपुर-पाटन मार्ग पर 27 मील पर सालभर मवेशी बैठे रहते हैं। दमोह मार्ग पर पांजी ग्राम और सांगा ग्राम मार्ग पर, दमोह-तेजगढ़-अभाना मार्ग, रहली -सागर-झालौन स्टेट हाईवे 15 पर, तेंदूखेड़ा नगर का तारादेही-चौराहा, चौराई के पास, देवरी, महाराजपुर, तारादेही, गौरझामर, झमरा सहित नरसिंहपुर और भोपाल जाने वाले मार्गों पर मवेशियों का झुंड नजर आ रहा है। राहगीर सड़कों पर बैठे मवेशियों से दिन में किसी तरह बचते बचाते निकल जाते हैं। असली दिक्कत शाम ढलने पर रात में शुरू होती। सबसे ज्यादा दिक्कत भूरे और काले रंग के मवेशी पैदा करते हैं।

### जुर्माना लगाने की कवायद भी फेल

बता दें कि सरकार द्वारा एक आदेश जारी किया गया था जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों, सड़कों और खुले स्थानों पर मवेशियों व अन्य पशुओं को छोड़ने पर पशु पालक पर 1 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाने कहा गया था। यह जुर्माना लगाने का अधिकार स्थानीय निकाय को दिया गया है। निकाय कर्मियों को पशु मालिक की पहचान करनी होगी बताया जा रहा है कि यह पहचान पशुओं के कान पर लगे टैग से होगी। हालांकि जिले के अधिकांश पशुओं पर यह टैग नहीं लगे होने के कारण ऐसे मवेशियों की पहचान करना मुश्किल हो रहा है। गौर करने वाली बात ये है कि प्रशासन द्वारा आज तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की गई है इस संबंध में संबंधितों से बात करना चाही कॉल रिसीव नहीं हुए।

# खेत में युवक का शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏩ बनवार



नोहटा थाना क्षेत्र की बनवार पुलिस चौकी अंतर्गत टीला हार के एक खेत में बुधवार की शाम करीब 5 बजे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रामप्रसाद उर्फ कल्ला (38) पुत्र रामचरण रजक के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 8 बजे युवक अपने खेत में काम करने गया था। दोपहर के समय जब वह घर भोजन के लिए नहीं लौटा, तो उसकी पत्नी खेत देखने गई। वहां युवक आधा पानी में डूबा हुआ मिला। खेत की मेढ़ पर बिजली की डोरी टूटी हुई पड़ी थी और युवक के हाथ व गर्दन पर करंट से झुलसने के निशान दिखाई दे रहे थे। इस आधार पर आशंका जताई जा रही है कि किसान की मौत बिजली का करंट लगने से हुई। परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में भी करंट से मौत होने की बात कही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए जिला चिकित्सालय दमोह भेज दिया। बनवार चौकी प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मृतक की मौत करंट से हुई प्रतीत होती है। घटना स्थल पर मिली टूटी बिजली की डोरी और शरीर पर झुलसने के निशान इसी ओर संकेत करते हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह स्पष्ट होगी। पुलिस इस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## सी.एम.राईज विद्यालय हटा में जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**दमोह।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास दमोह जयवंत सिंह वर्मा और परियोजना अधिकारी हटा शिव राय की मौजूदगी में सी.एम. राईज विद्यालय हटा में पोषण अभियान 2025 अंतर्गत किशोर एवं किशोरियों में पोषण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद किशोर बालक और बालिकाओं को पोषण जागरूकता के संबध में विस्तार से जानकारियाँ दी गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत सिंह वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को एनीमिया सहित विभिन्न रोगों, उनके उपचार के संबध में जागरूक किया। संचालक अनिल जैन और परियोजना अधिकारी हटा शिव राय द्वारा पोषण एवं तिरंगा थाली पर जानकारी देते हुये छात्र-छात्राओं को पॉक्सो एक्टि एवं किशोरावस्थौ एवं उससे संबधित समस्यासओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बच्चों को कोमल मूवी के माध्यम से यौन उत्पीरड़न के संबध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक मिनी अर्पिता नाथन, के.के.अठया, कैलाश सेन एवं विद्यालय स्टामफ मौजूद रहे।

## पटेरा में चोरों का खौफ, नगरवासियों की नींद उड़ी



**पटेरा।** नगर में करीब एक सप्ताह से संदिग्ध चोरो के निजी कैमरे में कैद होने के बाद से प्रतिदिन चोरो द्वारा किसी न किसी वार्ड में अपनी उपस्थिति देने से नगर में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस की सायरन बजाती गाड़ी गश्त वो करती है परंतु चोर उनकी पकड़ से दूर है। कई वार्डो में ताले तोड़ने की वारदातें हुई है तो कही चांदी सोने के जेवरात व नगदी भी चोरी जाने के आवेदन पुलिस थाना को प्राप्त हुये है जिन पर विधि अनुसार कार्यवाही करने की बात थाना प्रभारी ने हरिभूमि से चर्चा में कही। उन्होने कहा वह अपनी गश्त में गलियों में भी जा रही है। स्टाफ से भी कहा है लेकिन पुलिस को अभी इन चोरो को पकड़ने में सफलता नहीं मिली है। अभी तक चोर रात्रि 12 बजे के बाद अपनी कार्यवाहियां करते थे लेकिन शनिवार एवं रविवार की रात्रि में तो करीब 9 बजे से ही संदिग्ध चोर जो मुंह पर कपड़ा बांधते है एवं लोहे की राड लिये है देखे जाने पर युवा उनके पीछे भागे लेकिन उन्हे भी अंधेरे में चोर चकमा भाग गया। नगर में यदि शीघ्र चोरो का आतंक समाप्त नहीं हुआ तो कोई भी घटना घट सकती है। लोगो की नींद हराम है। शीघ्र घेराबंदी कर चोरो को पकड़ने की मांग की जा रही है।

## श्राद्ध पक्ष की अष्टमी पर पितरों को किया तर्पण, नदी में किया स्नान



**तेंदूखेड़ा।** श्राद्ध पक्ष की अष्टमी तिथि पर जिले भर में श्रद्धालुओं ने गहरी श्रद्धा और विधिपूर्वक पितरों का तर्पण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विभिन्न नदी घाटों पर लोगों ने पवित्र स्नान कर पितृ तर्पण, पिंडदान एवं हवन के माध्यम से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए पूजन-अनुष्ठान किया। सुबह से ही प्रमुख नदियों और सरोवरों के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। परंपरानुसार, लोगों ने कुश, तिल, जल और पुष्पों से तर्पण किया और पितरों से कृपा की प्रार्थना की। कई स्थानों पर ब्राह्मणों को भोजन कराकर दान-दक्षिणा भी दी गई। पंडित भरत अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्राद्ध पक्ष की अष्टमी को विशेष धार्मिक महत्व प्राप्त है। मान्यता है कि इस दिन किया गया तर्पण पितरों को तृप्त करता है और वंशजों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। जिन व्यक्तियों की मृत्यु अज्ञात तिथि पर हुई हो, उनके लिए भी इस दिन विशेष तर्पण करना लाभकारी माना गया है। कई श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान कर दिनभर व्रत रखा और दोपहर के समय विधिपूर्वक पितृ पूजन किया। स्थानीय नगर परिषद ने भी घाटों पर साफ-सफाई और जल व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया।

## शिक्षकों के अप डाउन से, छात्रों की पढ़ाई होती है प्रभावित

**गैसाबाद।** शासन द्वारा छात्रों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास को लेकर शिक्षा विभाग पर करोड़ों रुपए का बजट खर्च किया जा रहे हैं, लेकिन गैसाबाद संकुल केंद्र के अनेक शासकीय शालाओं से संबंधित शिक्षक शासन के नियम का पालन नहीं करते हुए अप डाउन प्रक्रिया के चलते नियम मुताबिक ड्यूटी करने में कोताही बरत रहे हैं, प्राप्त जानकारी अनुसार गैसाबाद संकुल केंद्र के ग्राम गरैह, संजयनगर, नकटी कचनारी, खमरगौर, मोहरई, बुढवार, जैसी अनेक शालाओं में पदस्थ शिक्षक डेली अप डाउन करते हैं अप डाउन प्रक्रिया के चलते अधिकांश स्कूल शासन के नियम अनुसार नहीं, बल्कि बसो के टाइम टेबल से संचालित होते हैं, देर से आना और जल्दी चले जाना टीचरों की नियति बन चुकी है, संकुल केंद्र के कुछ स्कूलों में तो यह तक देखने को मिला कि शिक्षक की मूल स्थापना स्कूल में है, छात्रों को पढ़ने के लिए, लेकिन वह कार्य करते हैं संकुल केंद्र के ऑफिस में बैठकर, इसी तरह की एक शिकायत ग्राम खमरगौर के कुछ लोगों द्वारा दूरसंचार के माध्यम से की गई थी, छात्रों के अभिभावक बताते हैं कि शिक्षकों के अप डाउन करने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित होती है अभिभावकों ने शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर महोदय से मांग की है कि जो शिक्षक जिस संस्था में पदस्थ है उसे उसकी मूल शाला में ही नियमित रूप से पहुंचने के लिए आदेशित किया जाए ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि कुछ शिक्षकों को शिक्षा विभाग द्वारा जन शिक्षक नियुक्त कर दिया गया जो कभी अपनी मूल शाला पर तो दिखाई ही नहीं देते हैं,संकुल केंद्र और हटा बीआरसी कार्यालय में व्यस्त रहते हैं।

# धूमधाम से निकली श्री जी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩ झलौन



पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व समापन के अवसर पर रविवार को सकल जैन समाज के द्वारा चंदा प्रभु दिगंबर जैन मंदिर झलौन में बड़े ही धूमधाम से क्षमावाणी पर्व मनाया गया। प्रातःकाल श्री जी की अभिषेक शांति धारा संपन्न हुई । शांति धारा करने का सौभाग्य राजेंद्र कुमार जैन के परिवार एवं महेंद्र कुमार जैन किराना परिवार को प्राप्त हुआ । इसके बाद पुराना बाजार प्रांगण में श्री जी को पालकी जी में विराजमान कर बैंड बाजा के साथ आरती बंदन नृत्य करते हुए शोभा यात्रा निकाली गई । जो ग्राम के नया बाजार वन परिक्षेत्र कार्यालय बस स्टैंड आदि प्रमुख मार्गो से होते हुए जहां समाज के सभी पुरुष एवं महिलाओं ने अपने-अपने घरों के सामने रंगोली से चौक पूरकर श्री जी की आरती में नारियल रखकर पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त कर मंदिर जी में शोभायात्रा का समापन हुआ।

मंदिर जी में पहुंचकर श्री शांतिधारा संपन्न हुई।इसके पश्चात क्षमावाणी महोत्सव की सभा का संचालन शिक्षक जितेंद्र जैन द्वारा किया गया जिसमें मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेशचंद जैन, शिक्षक दिनेश जैन, राजेंद्र जैन, श्रीमती तिलक रानी जैन, अखिल भारतवर्षीय महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सरिता जैन आदि ने क्षमावाणी के इस अवसर पर अपने-अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा जैन धर्म में अनेक ऐसी विशेषताएं हैं ,जो इसे असाधारण बनाती है, उनमें क्षमावाणी पर्व भी ,मुकुट में मणी के समान सुशोभित है।

भाद्रपद में दशलक्षण,सोलह कारण , रत्नत्रय की पूर्णति पर हर बर्ष हर प्राणी के प्रति जाने अनजाने में हुई अविनय, भूल को सुधारने स्नेह सोहार्द कायम रखने, पूरे विश्व में क्षमावाणी पर्व सभी श्रद्धा भक्ति सहित मनाते हैं,। उपस्थित सभी पुरुष महिलाओं छोटों बड़ों से जाने अनजाने में हुई गलतियों या नहीं भी हुई गलतियों पर सभी ने अपने-अपने निर्मल भाव से एक दूसरों को हाथ जोड़कर गले लगाकर उत्तम क्षमा सबसे क्षमा सबको क्षमा जैसे भाव वियक्त किये और आयोजित स्वल्पाहार में समलित हुए।

## पटेरा लोक अदालत का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏩ पटेरा

नगर परिषद पटेरा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें नगर परिषद पटेरा के सीएमओ प्रेम सिंह चौहान की देखरेख में संपन्न हुआ। लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के कुल 36, प्रकरणों में से 07, निराकरण समझौते के आधार पर किए गए। पक्षकारों के बीच समझौतों से 96,346 रूपये की उल्लेखनीय राशि का सेटलमेंट भी हुआ। इस अवसर पर उपस्थित पक्षकारों ने लोक अदालत की प्रक्रिया की सराहना करते हुए इसे सरल और त्वरित न्याय का सशक्त माध्यम है। नगर परिषद पटेरा के सीएमओ द्वारा जनता से अपील की गई है कि अधिक से अधिक लोग अपने लंबित मामलों के त्वरित समाधान हेतु लोक अदालत का लाभ उठाएं। इससे न की समय की बचत होती है बल्कि पैसों की भी बचत होती है।एवं जिन लोगों को लोक अदालत में नोटिश जारी किए गए थे वह उपस्थित नहीं हुए उन के प्रकरण न्यायालय में रखे जाएंगे।

# नवीन प्राथमिक शाला खमरिया इस्लामपुरा स्कूल का हिंदू संगठनों ने किया विरोध




हरिभूमि न्यूज ⏩ हटा

बटियागढ़ विकासखंड के ग्राम खमरिया अंतर्गत नवीन प्राथमिक शाला खमरिया इस्लामपुरा के सरकारी स्कूल में इस्लाम धर्म के प्रतीक चिन्ह व स्कूल का नाम इस्लामिक नाम रखे जाने की खबर पर हिंदू संगठनों के विरोध पर खबर प्रकाशित की गई थी जहां प्रशासन के अधिकारियों ने जांच कर स्कूल भवन में बने सांकेतिक चिन्हों को मिटाकर स्कूल के बाहर बोर्ड पर लिखा इस्लामपुरा खमरिया को मतकर खमरिया इस्लामपुरा टोला कर दिया गया जिसका विरोध रविवार को पुनः विश्व हिंदू परिषद एवं अन्य संगठनों द्वारा स्कूल पहुंचकर किया गया। जहां विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय हटा अध्यक्ष भरत राय एवं पूर्व फतेहपुर मंडल के भाजपा अध्यक्ष राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रशासन द्वारा स्कूल बोर्ड पर खमरिया के पहले लिखा इस्लामपुरा मिटाकर अंत में इस्लामपुरा टोला लिख दिया गया जिसे हम सभी लोग ग्राम वासियों के साथ मिलकर विरोध कर रहे हैं सभी ग्रामीणों की मांग है कि जब रिकॉर्ड में भी इस्लामपुरा का नाम उल्लेख नहीं है उसके बाबजूद बोर्ड पर क्यों लिखा गया। स्कूल का नाम इस्लामपुरा की जगह खमरिया टोला या टपरिया स्कूल किया जाए यदि शासन प्रशासन द्वारा हम लोगों की मांग नहीं मानी तो हम लोग विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बबलू राय प्रखंड अध्यक्ष भरत राय जितेंद्र राजपूत जिला सहसंयोजक अजय चोरसिया संयोजक मयंक राय राजा वीर चौहान पुष्पेंद्र सिंह छुट्टू राजा विक्रम सिंह राघवेंद्र परिहार कपिल गौर एवं दर्जनों ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का शुभारंभ



**बनवार।** ग्राम बनवार में 14 सितम्बर से 21 सितम्बर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। नगर भ्रमण और देव आवाह्न के साथ बैठकी सम्पन्न हुई। यह यज्ञ पितृपक्ष में पितरों की आत्मिक शांति और धर्म लाभ के लिए आयोजित किया गया है। पहले दिन कथा का महात्म्य बताते हुए कहा गया कि श्रीमद् भागवत कथा में सभी वेदों का सार है। यह भगवान के प्रति प्रेम जगाती है और जन्म-जन्मांतर के पापों से मुक्ति दिलाती है। गणेश महिमा, परीक्षित श्राप और शुकदेव जन्म का वर्णन श्रोताओं को भक्ति, ज्ञान और वैराग्य की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है, जिससे जीवन की चिंताएं दूर होती हैं और व्यक्ति अभय व सार्थक बनता है। यज्ञ का कार्यक्रम क्रमवार जारी रहेगा। 17 सितम्बर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 18 सितम्बर को गोवर्धन पूजा, 19 सितम्बर को रूकमणी विवाह, 20 सितम्बर को सुदामा चरित्र और 21 सितम्बर को हवन भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद् भागवत कथा का महत्व अत्यंत प्राचीन और विशाल है। इसे कथाव्यास के शब्दों और ज्ञान की गहराई से समझा जाता है। यह कथा मानव जीवन में धर्म, भक्ति और नैतिक मूल्यों का मार्गदर्शन करती है और कथा श्रवण करने से पितृ संतोष, परिवार में सुख-शांति और धर्म लाभ की प्राप्ति होती है। कथाव्यस पंडित परषोत्तम चौबे (शास्त्री जी, चंडी चौपरा) के मुखारविंद से कथा का श्रवण कराया जा रहा है। मुख्य श्रोता में शिवकुमारी – लक्ष्मीनारायण मिश्रा, श्रीमती आशा – राधेश्याम मिश्रा और श्रीमती गेनबती – महेशनारायण मिश्रा शामिल हैं। यज्ञ का समय दोपहर तीन बजे से हरि इच्छा तक रहेगा। मिश्रा परिवार ने सभी धर्मप्रेमियों और स्थानीय नागरिकों से पधारकर इस पावन यज्ञ में भाग लेने और धार्मिक लाभ अर्जित करने का हार्दिक आमंत्रण दिया है।

## हिनौताकलां में श्रीमद्भागवत कथा सुनने पहुंच रहे श्रद्धालु...





**हरिभूमि, हिनौताकलां।** ग्राम हिनौता कलां में ग्राम पंचायत भवन परिसर में श्री श्री 1008 श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन लक्ष्मीकांत एवं रविकांत असाटी द्वारा किया जा रहा है, जिसमें कथा ब्यास अमानगंज के श्री गोविंद पाण्डेय जी द्वारा ओजक और मधुर भाषा में ग्रामवासियों को कथा रसपान कराया जा रहा है। ग्राम से मथुरा प्रसाद पौराणिक, रामकृपाल असाटी, अनंतराम पटेल, दिनेश दुबे, हर्ष पटेल, हरि असाटी, कमलेश पटेल, प्रदीप असाटी, नवल असाटी, राममिलन कस्तोर, शिवम पटेल, संजय असाटी, दिप्पू असाटी, रेवाराम सेन, नूरे असाटी सहित भारी संख्या में पुरुष एवं महिलाओं द्वारा उपस्थित होकर कथा का श्रवण किया गया। आज दिनांक 15.09.25 को हवन पूर्णाहुति एवं कल भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है।